**भारतीय रेड क्रास सोसायटी**

**श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज इकाई, गोण्डा**

# वार्षिक प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर

**19—21 मार्च, 2023, ट्रेनर— आशीष शर्मा, कोर ऑफिसर, सेण्ट जॉन एम्बूलेन्स**







दिनांक 19 से 21 मार्च 2023 के मध्य प्राथमिक चिकित्सा का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। इसमें 88 स्वयंसेवकों ने प्रशिक्षण के लिए नामांकन कराया था परन्तु 63 स्वयंसेवक ही प्रशिक्षण पूर्ण कर सके। इसमें सीनियर इन फर्स्ट एड में 43, वाउचर इन फर्स्ट एड में 18 तथा मेडेलियन इन फर्स्ट एड में 2 स्वयंसेवक अपना प्रशिक्षण पूर्ण कर सके। प्रशिक्षण डॉ0 राजीव कुमार अग्रवाल के निर्देशन में सेण्ट जॉन एम्बूलेन्स बिग्रेड के कोर आफिसर आशीष शर्मा द्वारा दिया गया।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि वर्षा सिंह, उपाध्यक्ष प्रबन्ध समिति, श्री उमेश शाह, सचिव प्रबन्ध समिति एवं प्रो० दीना नाथ तिवारी , प्राचार्य श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा द्वारा किया गया।

तीन दिनों के प्रशिक्षण में प्रशिक्षार्थियों ने सामान्य जीवन रक्षक तकनीकी, प्राथमिक उद्देश्य, प्राथमिक चिकित्सक व उनके गुण, प्राथमिक चिकित्सा व उसके सुनहरे नियम (DRABC), कृत्रिम श्वसन के विभिन्न तरीके, मरीजों का परिवहन, सी0पी0आर0 करने का तरीका तथा आपातकालीन घटना से निपटने के उपायों के बारे में बताया गया।

शिविर के दूसरे दिन शरीर संरचना तथा रक्त संचरण के विषय में समझाया गया। इसके पश्चात कृत्रिम श्वसन, मरीज का परिवहन तथा घाव का प्राथमिक उपचार जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मरीज के परिवहन का प्रशिक्षण देते हुये प्रशिक्षक आशीष शर्मा ने इसकी अनेक विधियों यथा अकेले होने पर मरीज को पीठ पर लाद कर ले जाना, गोद में ले जाना या स्वयं को बैसाखी की तरह बनाकर मरीज को ले जाना, दो सहायक होने पर हाथों को सीट बनाकर, एक व्यक्ति आगे और दूसरा व्यक्ति पीछे रहकर या कुर्सी का प्रयोग करके, अधिक सहायक होने पर हाथों की खाट बनाकर या स्कार्फ की सहायता से या शर्ट का स्ट्रेचर बनाकर मरीज के परिवहन का प्रदर्शन किया। जलने के विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन करते हुए उस स्थिति में प्राथमिक उपचार देने के बारे में बताया।

कृत्रिम श्वसन का प्रशिक्षण भी दिया गया। इसमें किसी व्यक्ति की धड़कन या सांस रूक जाने पर सी0पी0आर0 विधि द्वारा बेहोश व्यक्ति को सांसे दी जाती हैं, जिससे फेफड़ों को ऑक्सीजन मिलती है और साँस वापस आने तक या दिल की धड़कन सामान्य होने तक छाती को विशेष प्रकार से दबाया जाता है जिससे शरीर में पहले से मौजूद ऑक्सीजन वाला रक्त संचारित होता रहता है। लेकिन इसका प्रयोग केवल प्राथमिक चिकित्सा में प्रशिक्षित व्यक्ति ही कर सकता है। मनोसामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा के बारे में भी बताया गया।

शिविर के अंतिम दिन पट्टियों के प्रकार और उसे विभिन्न चोट की स्थितियों में बाँधने का तरीका समझाया गया। इसके पश्चात मरीज का परिवहन तथा घाव का प्राथमिक उपचार जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मरीज के परिवहन करने के तरीके, जहर खा लेने, जलने के प्रकार और उसके उपचार तथा जानवरों के काटने पर प्राथमिक उपचार करने के बारे में बताया गया।

शिविर के समापन में मुख्य अतिथि डॉ0 एस0एन0 ओझा, वर्षा सिंह, उपाध्यक्ष, प्रबंध समिति श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा एवं पूर्व प्राचार्य प्रो0 वन्दना सारस्वत, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा उपस्थिति रहे। स्वंसेवकों ने विगत तीन दिनों में जो कुछ भी सीखा उसका संक्षिप्त प्रदर्शन अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया।

**"एच0आई0वी0 कारण और बचाव"** विषय पर निबंध का आयोजन भी किया गया जिसमें हिमांशी सिंह को प्रथम, शालिनी मौर्य को द्वितीय और हिमांशु कनौजिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। शिविर में सक्रिय स्वंयसेवकों सरोजनी कुमारी, हिमांशी सिंह, ज्योति गौतम, रिंकी, रागिनी मौर्य, शालिनी मौर्य, प्रियांशी गुप्ता, सीमा वर्मा, रोली मिश्रा, कुमार सत्यम, एवं सरस्वती, पूर्व स्वंयसेवकों संदीप कुमार मिश्र एवं अभिजीत यश भारती को उनके अच्छे कार्य के लिए प्रमाण पत्र दिया गया। वर्ष भर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला स्वयंसेवक का पुरस्कार **पूनम** को तथा

सर्वश्रेष्ठ पुरूष स्वयंसेवक का पुरस्कार **सौरभ कुरील** को दिया गया। कार्यक्रम का फीडबैक सरोजनी कुमारी, शुभी, पूनम, गौरव सिंह और कुमार सत्यम ने दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो0 अभय श्रीवास्तव, प्रो0 वी0सी–एच0 एन0के0 श्रीनिवास राव, प्रो0 आर0बी0एस0 बघेल, डॉ0 वन्दना भारतीय, श्री विवेक प्रताप सिंह, श्री मनीष मोदनवाल और पूर्व स्वयंसेवक संदीप कुमार मिश्र, पूनम और अभिजीत यश भारती उपस्थित थे।











**राष्ट्रीय सहारा लखनऊ, दिनांकः 21 मार्च 2023, गोण्डा पेज 5**

# प्राथमिक उपचार का दिया प्रशिक्षण




**गोण्डा (एसएनबी)।** भारतीय रेड क्रास सोसायटी की श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में प्राथमिक उपचार पर आधारित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सेण्ट जॉन एम्बूलेन्स बिग्रेड के कोर आफिसर आशीष शर्मा ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

उन्होंने शरीर संरचना तथा रक्त संचरण के विषय में बताया कि इनका ज्ञान प्राथमिक चिकित्सा करने के लिए अनिवार्य है। इसके पश्चात कृत्रिम श्वसन, मरीज का परिवहन तथा घाव का प्राथमिक उपचार जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। रेड क्रास प्रभारी प्रो0 राजीव कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता है। शिविर के संचालन में पूर्व प्राचार्य प्रो. वन्दना सारस्वत, प्रो. वीसी-एच एनके श्रीनिवासा राव, डॉ. वन्दना भारतीय, श्री विवेक प्रताप सिंह एवं पूर्व स्वयंसेवकों- संदीप कुमार मिश्र, अभिजीत यश भारती, पूनम और सौरभ कुरील आदि का सक्रिय सहयोग रहा।